Prepp
Your Personal Exams Guide

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८/२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 23/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

* Note
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** **अलैंगिक प्रजनन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

**Ans**
✔ A. इसमें नर और मादा युग्मकों का संलयन शामिल होता है।
✘ B. विखंडन, अलैंगिक प्रजनन की एक विधि है।
✘ C. इसमें केवल एक जनक शामिल होता है।
✘ D. इससे ऐसी संतति उत्पन्न होती हैं, जो आनुवंशिक रूप से जनक के समान क्लोन होती हैं।

**Q.2** **सिरका निम्नलिखित में से किसका 5-8% विलयन है?**

**Ans**
✘ A. जल में कैल्शियम कार्बोनेट
✘ B. जल में फॉर्मिक अम्ल
✔ C. जल में एसिटिक अम्ल
✘ D. जल में सोडियम हाइड्रॉक्साइड

**Q.3** **किसी संवृत तंत्र में, यदि 15 gm पदार्थ A, 10 gm पदार्थ B के साथ अभिक्रिया करता है, तो उत्पादों का कुल द्रव्यमान कितना होना चाहिए?**

**Ans**
✘ A. 15 gm
✘ B. 0 gm
✔ C. 25 gm
✘ D. 10 gm

**Q.4** **साबुन की निर्मलन क्रिया उसके किस गुण के कारण होती है?**

**Ans**
✘ A. प्रबल क्षार होना
✘ B. प्रबल अम्ल होना
✘ C. उच्च गलनांक
✔ D. मिसेल बनाने की क्षमता

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, एककोशिकीय जीवों में द्वि-खंडन और बहु-खंडन के बीच सही अंतर करता है?**

**Ans**
✘ A. द्वि-खंडन के परिणामस्वरूप कई संतति कोशिकाएं बनती हैं, जबकि बहु खंडन से केवल दो संतति कोशिकाएं बनती हैं।
✔ B. द्वि-खंडन से दो संतति कोशिकाओं का निर्माण होता हैं, जबकि बहु खंडन से एक साथ कई संतति कोशिकाओं का निर्माण होता है।
✘ C. द्वि-खंडन केवल बहुकोशिकीय जीवों में होता है, जबकि बहु खंडन एककोशिकीय जीवों में होता है।
✘ D. द्वि-खंडन के लिए बीजाणुओं की आवश्यकता होती है, लेकिन बहु खंडन के लिए बीजाणुओं की आवश्यकता नहीं होती है।

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-सा, गुरुत्वाकर्षण के नियम द्वारा स्पष्ट नहीं किया गया है?

**Ans**

- ✗ A. पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमण करने वाले कृत्रिम उपग्रह
- ✗ B. वर्षा की बूंदों का धरती पर गिरना
- ✓ C. दो आवेशित पिंडों के बीच स्थिरवैद्युत आकर्षण
- ✗ D. महासागरों में ज्वार-भाटा

**Q.7** यदि किसी वस्तु को उत्तल लेंस से 'u' दूरी पर रखा जाए, तो 'u' ________।

**Ans**

- ✗ A. प्रतिबिंब के प्रकार पर निर्भर करता है
- ✗ B. शून्य माना जाता है
- ✗ C. धनात्मक माना जाता है
- ✓ D. ऋणात्मक माना जाता है

**Q.8** सफल मधुमक्खी पालन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी प्रमुख शर्त है?

**Ans**

- ✗ A. परागण करने वाले कीटों की उपस्थिति
- ✗ B. पीड़कनाशियों का उपयोग
- ✗ C. गेहूं और चावल उगाना
- ✓ D. वर्ष भर पुष्पीय पौधों की उपलब्धता

**Q.9** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

कथन A: उदासीनीकरण अभिक्रिया तब होती है जब अम्ल, क्षार के साथ अभिक्रिया करता है।
कथन B: उदासीनीकरण के दौरान जल और लवण बनते हैं।

**Ans**

- ✗ A. कथन A और B दोनों गलत हैं।
- ✗ B. कथन A गलत है लेकिन B सही है।
- ✓ C. कथन A और B दोनों सही हैं।
- ✗ D. कथन A सही है लेकिन B गलत है।

**Q.10** निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा, त्वरण के सही सूत्र को दर्शाता है?

**Ans**

- ✗ A. त्वरण = दूरी / समय
- ✗ B. त्वरण = बल × द्रव्यमान
- ✗ C. त्वरण = वेग में परिवर्तन × समय
- ✓ D. त्वरण = वेग में परिवर्तन / लिया गया समय

**Q.11** जंतुओं में, डरावनी स्थिति (scary situation) के दौरान निम्नलिखित में से कौन-सा हार्मोन स्रावित होता है?

**Ans**

- ✗ A. वृद्धि हार्मोन (Growth hormone)
- ✓ B. एड्रिनलीन (Adrenaline)
- ✗ C. इंसुलिन (Insulin)
- ✗ D. थायरॉक्सिन (Thyroxin)

**Q.12** एक कार का ओडोमीटर यात्रा की शुरुआत में 3000 km और अंत में 3200 km दिखाता है। यदि यात्रा में 4 घंटे लगते हैं, तो कार की औसत चाल कितनी है?

**Ans**

- ✓ A. 50 km/hr
- ✗ B. 100 km/hr
- ✗ C. 25 km/hr
- ✗ D. 75 km/hr

Q.13 मृदूतक (पैरेन्काइमा) कोशिकाओं में _______ के लिए बड़े अंतरकोशिकीय स्पेस होते हैं।

Ans
- ✗ A. प्रकाश संश्लेषण और सपोर्ट
- ✓ B. गैस विनिमय और भंडारण
- ✗ C. संरक्षण और वाष्पोत्सर्जन
- ✗ D. चालन और स्राव

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.14 $^{12}_{6}C$ और $^{14}_{6}C$ में प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः कितनी है?

Ans
- ✗ A. 8 और 6
- ✗ B. 7 और 7
- ✗ C. 6 और 8
- ✓ D. 6 और 6

Q.15 कोशिका में लाइसोसोम का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
- ✓ A. बाहरी पदार्थों और घिसे हुए कोशिकांगों का पाचन
- ✗ B. कोशिका झिल्लियों के लिए प्रोटीन और लिपिड का संश्लेषण
- ✗ C. कोशिकाद्रव्य में जल और खनिज संतुलन का नियमन
- ✗ D. ATP अणुओं के रूप में ऊर्जा का उत्पादन

Q.16 मापनीय राशि 'घनत्व' को ______________ के SI मात्रक में दर्शाया जा सकता है।

Ans
- ✗ A. किलोग्राम प्रति वर्ग मीटर
- ✗ B. ग्राम प्रति मीटर
- ✓ C. किलोग्राम प्रति घन मीटर
- ✗ D. किलोग्राम प्रति मीटर

Q.17 निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. निम्न तारत्व का अर्थ है उच्च आवृत्ति।
- ✗ B. तारत्व का आवृत्ति से कोई संबंध नहीं है।
- ✗ C. उच्च तारत्व का अर्थ है निम्न आवृत्ति।
- ✓ D. उच्च तारत्व का अर्थ है उच्च आवृत्ति।

Q.18 धारावाही सोलेनॉयड (current carrying solenoid) के परित: चुंबकीय क्षेत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. सोलेनॉयड के कोर में क्षेत्र एक छोर से दूसरे छोर तक घटता है।
- ✗ B. सोलेनॉयड में फेरों की संख्या कम करके सोलेनॉयड से जुड़े क्षेत्र को बढ़ाया जा सकता है।
- ✗ C. सोलेनॉयड का क्षेत्र रेखा पैटर्न सीधे धारावाही तार के चुंबकीय क्षेत्र रेखा पैटर्न जैसा दिखता है।
- ✓ D. सोलेनॉयड से जुड़े चुंबकीय क्षेत्र की दिशा को इसके माध्यम से प्रवाहित धारा की दिशा को व्युत्क्रमित करके बदला जा सकता है।

Q.19 HIV संक्रमण में, 'विंडो पीरियड' उस चरण को संदर्भित करता है जिसके दौरान ________।

Ans
- ✗ A. HIV एंटीबॉडी का पता परीक्षणों में लगाया जा सकता है
- ✗ B. लक्षण गंभीर होते हैं
- ✗ C. रोगी मर जाता है
- ✓ D. HIV एंटीबॉडी परीक्षणों में पता नहीं चल पाती हैं

Q.20 सोडियम क्लोराइड (NaCl) का सूत्र इकाई द्रव्यमान कितना होता है?

Ans
- ✓ A. 58.5u
- ✗ B. 35.5u
- ✗ C. 23u
- ✗ D. 57u

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.21** जरा दूरदर्शिता (Presbyopia) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
- ✔ A. यह पक्ष्माभिकी पेशियों के कमजोर होने तथा लेंस के लचीलेपन में कमी के कारण होता है।
- ✗ B. निकट बिंदु 25 cm से कम हो जाता है।
- ✗ C. यह सामान्यत: छोटे बच्चों में होता है।
- ✗ D. इसे केवल अवतल लेंस द्वारा ठीक किया जाता है।

**Q.22** प्रतिरोध बढ़ाने और धारा को सीमित करने के लिए, परिपथ में किस घटक का उपयोग किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. लैंप
- ✗ B. बैटरी
- ✔ C. प्रतिरोधक
- ✗ D. स्विच

**Q.23** सक्रियता श्रेणी के मध्य स्थित धातुओं को सामान्यत: कैसे निष्कर्षित किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. केवल तापन द्वारा
- ✗ B. जल में घोलकर
- ✔ C. कार्बन का उपयोग करके अपचयन द्वारा
- ✗ D. विद्युत अपघटन द्वारा

**Q.24** कोशिका में केन्द्रक झिल्ली का क्या कार्य है?

**Ans**
- ✗ A. यह गुणसूत्रीय गतिविधियों के लिए पाचक एंजाइमों का भंडारण करता है।
- ✔ B. यह केंद्रक और कोशिकाद्रव्य के बीच पदार्थ के स्थानांतरण को नियंत्रित करता है।
- ✗ C. यह केंद्रक में गैसों और जल के अणुओं के प्रवेश को रोकता है।
- ✗ D. यह समसूत्रण के दौरान केंद्रक विभाजन के लिए ऊर्जा प्रदान करता है।

**Q.25** 3 kg द्रव्यमान के एक पिंड को 12 m की ऊंचाई तक उत्थापित किया जाता है। दी गई ऊंचाई पर स्थितिज ऊर्जा का मान कितना है?

(g = 10 $m/s^2$ लीजिए)

**Ans**
- ✗ A. 4.0 J
- ✗ B. 36.0 J
- ✗ C. 3.0 J
- ✔ D. 360.0 J

Prepp Your Personal Exam Guide

## Section : Mathematics

**Q.26** 75 km की दूरी पर स्थित दो रेलगाड़ियों के इंजन क्रमशः 13 km/hr और 17 km/hr की चाल से एक-दूसरे की ओर चलना शुरू करते हैं। कितने समय बाद वे एक-दूसरे से मिलेंगे? (मान लीजिए इंजन की लंबाई नगण्य है।)

**Ans**
- ✗ A. 143 मिनट
- ✗ B. 146 मिनट
- ✗ C. 155 मिनट
- ✔ D. 150 मिनट

**Q.27** प्रेक्षणों 88, 99, 47, 79, 12, 79, 76, 17 और 61 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 61
- ✔ B. 62
- ✗ C. 52
- ✗ D. 66

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.28 10 फरवरी 2023 से 24 अप्रैल 2023 तक की अवधि के लिए ₹2,000 पर 7% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 26
- ✗ B. 27
- ✓ C. 28
- ✗ D. 29

Q.29 यदि $3^{\left(\frac{x^4+x^2+1}{x^2+x+1}\right)} = 3^{(2x+5)}$ तो x का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 4
- ✗ B. 3.5
- ✗ C. 2.8
- ✗ D. 6

Q.30 किसी शिक्षिका की वर्तमान आयु उसके एक विद्यार्थी से चार गुना अधिक है। पांच वर्ष पूर्व, शिक्षिका की आयु उसी विद्यार्थी की उस समय की आयु से सात गुना थी। शिक्षिका की वर्तमान आयु (वर्ष में) कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 45
- ✓ B. 40
- ✗ C. 35
- ✗ D. 50

Q.31 एक मोटर चालक 50 मिनट में 30 km की यात्रा करता है। वह पहले 12 मिनट तक x km/hr की चाल से, अगले 22 मिनट तक 2x km/hr की चाल से और अंत में शेष यात्रा x km/hr की चाल से ड्राइव करता है। x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 22
- ✗ B. 30
- ✗ C. 28
- ✓ D. 25

Q.32 एक ठोस घनाभ के तीन आसन्न फलकों का क्षेत्रफल 92 $cm^2$, 69 $cm^2$ और 75 $cm^2$ है। घनाभ का आयतन ($cm^3$ में) कितना है?

Ans
- ✗ A. 843
- ✗ B. 730
- ✓ C. 690
- ✗ D. 617

Q.33 $(3x + 2)^2$ को सरल करें।

Ans
- ✗ A. $4x^2 + 12x + 9$
- ✗ B. $6x^2 + 12x + 4$
- ✗ C. $9x^2 + 4x + 4$
- ✓ D. $9x^2 + 12x + 4$

Q.34 एक पिता की आयु अपने पुत्र की आयु की तीन गुनी है। 12 वर्ष बाद, उसकी आयु अपने पुत्र की आयु की दोगुनी होगी। पिता और पुत्र की वर्तमान आयु (वर्षों में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 38 और 14
- ✗ B. 37 और 13
- ✓ C. 36 और 12
- ✗ D. 35 और 11

Q.35 एक चुनाव में, उम्मीदवार A को 60% वोट, उम्मीदवार B को 30% वोट और उम्मीदवार C को शेष 10% वोट प्राप्त हुए। यदि चुनाव में डाले गए कुल वोटों की संख्या 1,20,000 है, तो उम्मीदवार A को उम्मीदवार B से कितने अधिक वोट मिले?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✗ A. 21,000
- ✓ B. 36,000
- ✗ C. 28,000
- ✗ D. 32,000

Q.36 यदि cosecθ - cotθ = $\frac{1}{11}$ है , और θ प्रथम चतुर्थांश में स्थित है, तो 122 cosθ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 164
- ✗ B. 214
- ✗ C. 231
- ✓ D. 120

Q.37 एक आदमी 9 समान वस्तुएँ कुल ₹16 में खरीदता है। यदि वह उनमें से प्रत्येक को ₹2.4 में बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत ______% होगा।

Ans
- ✗ A. 26.92
- ✗ B. 36
- ✓ C. 35
- ✗ D. 25.92

Q.38 एक क्रिकेटर का 11 पारियों में औसत 71 रन है। 12वीं पारी में उसने 119 रन बनाए। उसके औसत स्कोर में _______ की वृद्धि हुई।

Ans
- ✗ A. 8
- ✗ B. 13
- ✗ C. 5
- ✓ D. 4

Q.39 एक लकड़हारा प्रतिदिन ₹500 कमाता है और अपनी कमाई का 30% प्रतिदिन खर्च करता है। उसकी दैनिक बचत (₹ में) कितनी है?

Ans
- ✗ A. 150
- ✗ B. 450
- ✓ C. 350
- ✗ D. 355

Q.40 20%, 4% और 14% की तीन क्रमागत छूटों के बराबर (लगभग) एकल छूट ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 36.60%
- ✗ B. 33.18%
- ✓ C. 33.95%
- ✗ D. 33.42%

Q.41 चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 14° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 2 : 5 है, तो ∠Q और ∠P की मापों में कितना अंतर है?

Ans
- ✗ A. 3°
- ✗ B. 16°
- ✓ C. 12°
- ✗ D. 8°

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.42 351 और 650 के बीच कितनी संख्याएँ 7 से विभाज्य हैं?

Ans
- ✔ A. 42
- ✘ B. 43
- ✘ C. 50
- ✘ D. 92

Q.43 एक पाइप एक टंकी को 5 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 10 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टंकी खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टंकी को आधा भरने में कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✘ A. 10 मिनट
- ✔ B. 5 मिनट
- ✘ C. 6 मिनट
- ✘ D. 11 मिनट

Q.44 यदि दो संख्याओं का अनुपात 2:3 है और उनका HCF, 6 है, तो उनका LCM ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 36
- ✘ B. 6
- ✘ C. 18
- ✘ D. 16

Q.45 यदि किसी संख्या के $\frac{2}{3}$ के 30% का 10%, 537 है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 29050
- ✘ B. 27090
- ✘ C. 28620
- ✔ D. 26850

Q.46 दो बेलनाकार बर्तनों की धारिता समान है और उनकी विमाएं समरूप हैं। यदि पहले बर्तन की त्रिज्या 14 cm बढ़ा दी जाए और दूसरे बर्तन की ऊँचाई 30 cm बढ़ा दी जाए, तो दोनों बर्तनों की धारिता में वृद्धि Q $cm^3$ के बराबर होगी। यदि प्रत्येक बर्तन की वास्तविक ऊँचाई 24 cm है, तो Q का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 23,025π
- ✘ B. 23,502π
- ✔ C. 23,520π
- ✘ D. 23,250π

Q.47 यदि 649 केले तीन बंदरों के बीच $\frac{1}{2} : \frac{1}{6} : \frac{1}{4}$ के अनुपात में वितरित किए गए, तो पहले बंदर को कितने केले मिले?

Ans
- ✘ A. 344
- ✔ B. 354
- ✘ C. 324
- ✘ D. 374

Q.48 A और B किसी काम को 18 दिनों में पूरा कर सकते हैं, जबकि A और C उसी काम को 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि B और C मिलकर उसी काम को 48 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो A, B और C मिलकर उसी काम को पूरा करने में कितना समय (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) लेंगे?

Ans
- ✔ A. 12.52 दिन
- ✘ B. 13.52 दिन
- ✘ C. 12.92 दिन
- ✘ D. 12.07 दिन

Q.49 यदि 9 : A :: A : 4 है, तो A का धनात्मक मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 8
- ✓ B. 6
- ✗ C. 7
- ✗ D. 5

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.50 एक एजेंट ₹8,460 अंकित मूल्य वाले एक प्रेशर कुकर को 20% की छूट पर बेचता है। प्रेशर कुकर का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 6,767
- ✗ B. 6,770
- ✓ C. 6,768
- ✗ D. 6,766

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े सभी 58 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, रिजवान दाएं छोर से 23वें स्थान पर है, जबकि अमन बाएं छोर से 19वें स्थान पर है। रिजवान और अमन के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✓ A. 16
- ✗ B. 15
- ✗ C. 13
- ✗ D. 14

Q.52 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

37 B 12 D 824 A 8 C 128 = ?

Ans
- ✗ A. 462
- ✓ B. 469
- ✗ C. 471
- ✗ D. 499

Prepp
Your Personal Exam Guide

Q.53 किसी निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
'A % B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है' और
'A # B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'।

यदि 'E % C # Q # L + P' है, तो E का P से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की माता
- ✗ B. माता की माता
- ✗ C. पत्नी की बहन
- ✓ D. बहन का पति

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.54 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी जैम, कोबरा हैं।
सभी कोबरा, चटाई हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ चटाई, कोबरा हैं।
(II): सभी जैम, चटाई हैं।

Ans
✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.55 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

76 A 2 C (30 A 6) B 4 D 39 A 3 C 15 = ?

Ans
✗ A. 45
✗ B. 70
✓ C. 60
✗ D. 65

Q.56 छह व्यक्ति, A, B, C, D, E और F, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A और C के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F, E के बाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। A, D के दाईं ओर ठीक पड़ोस में बैठा है। C, B के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएं छोर पर कौन बैठा है?

Ans
✗ A. D
✗ B. E
✓ C. B
✗ D. C

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. QL – SQ
✗ B. MB – OG
✓ C. BP – EU
✗ D. UV - WA

Q.58 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1, 4, 9, 16, 25, ?

Ans
✗ A. 42
✗ B. 38
✗ C. 33
✓ D. 36

Q.59 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

UM-SK-PR
RJ-PH-MO

Ans
- ✗ A. MF-LE-IJ
- ✗ B. MF-LD-IJ
- ✗ C. NF-LD-IJ
- ✓ D. NF-LD-IK

Q.60 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर OPNO, STRS से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार DECD, HIGH से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, JKIJ दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ A. NNLN
- ✗ B. NPLS
- ✓ C. NOMN
- ✗ D. NOLN

Q.61 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

9 11 15 21 29 39 ?

Ans
- ✓ A. 51
- ✗ B. 56
- ✗ C. 58
- ✗ D. 55

Q.62 शिवांक बिंदु A से शुरू करके उत्तर दिशा में 15 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 11 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 16 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 14 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 1 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?

(नोट: जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90° के हैं।)

Ans
- ✓ A. 3 km पश्चिम में
- ✗ B. 4 km पश्चिम में
- ✗ C. 1 km पश्चिम में
- ✗ D. 2 km पश्चिम में

Q.63 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'lid ear urn' को 'lw cc pg' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'corn urn bird' को 'qf wc cc' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'urn' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. qf
- ✗ B. lw
- ✗ C. pg
- ✓ D. cc

Q.64 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी गुफा, घर हैं।
सभी घर, मांद हैं।
सभी मांद, हवेली हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी गुफा, हवेली हैं।
(II) कुछ हवेली, घर हैं।

Ans
✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.65 शरद, हेमंत, अनुज, प्रदीप और वसंत एक गोल मेज पर केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे अपने असाइनमेंट पर चर्चा कर रहे हैं। प्रदीप, अनुज के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है और वसंत, हेमंत के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। शरद, अनुज के दाईं ओर दूसरे स्थान पर और हेमंत के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
✗ A. हेमंत और वसंत का निकटतम पड़ोसी प्रदीप है।
✗ B. शरद और अनुज का निकटतम पड़ोसी वसंत है।
✓ C. शरद और वसंत का निकटतम पड़ोसी हेमंत है।
✗ D. हेमंत और प्रदीप का निकटतम पड़ोसी अनुज है।

Q.66 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं।) गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 2 1 3 7 2 6 7 2 9 9 2 2 3 5 7 4 9 3 8 7 (दाएं)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम अंक है तथा ठीक बाद भी एक विषम अंक है?

Ans
✗ A. 2
✗ B. 1
✗ C. 4
✓ D. 3

Q.67 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एक अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 1 2 1 2 4 2 1 6 2 1 6 1 1 6 1 3 5 6 1 2 8 6 6 4 9 2 6 (दाएं)

ऐसी कितनी विषम संख्याएं हैं (बाएं से दाएं), जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
✓ A. 2
✗ B. 3
✗ C. 1
✗ D. 4

Q.68 निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए?

$40 + 5 \div 7 - 108 \times 9 = ?$

Ans
✗ A. 19
✓ B. 17
✗ C. 18
✗ D. 13

Q.69 दी गई श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एक अंकीय संख्याएं हैं।) गिनती बाएं से दाएं करनी है।

(बाएं) 5 7 5 9 8 2 3 4 6 5 8 7 7 1 2 5 5 8 9 8 8 4 5 4 6 4 3 6 7 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✓ B. पाँच
- ✗ C. चार
- ✗ D. दो

Q.70 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

TRV RTR PVN NXJ ?

Ans
- ✗ A. KZF
- ✗ B. KAF
- ✗ C. LAF
- ✓ D. LZF

Q.71 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एक-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं)1 7 6 2 9 4 3 8 5 2 6 3 7 8 9 2 5 1 4 7 6 3 2 9 5 4 1 8 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याए हैं जिनके ठीक पहले एक पूर्ण वर्ग संख्या तथा ठीक बाद एक विषम संख्या है? (नोट: 1 भी एक पूर्ण वर्ग है)

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✗ C. तीन से अधिक
- ✓ D. तीन

Q.72 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CORN' को '6479' और 'OILY' को '2368' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'O' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 8
- ✓ C. 6
- ✗ D. 4

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

DEI51 , XYC58 , RSW65 , LMQ72 , ?

Ans
- ✗ A. FOK79
- ✗ B. EGK79
- ✓ C. FGK79
- ✗ D. FGL79

Q.74 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

8 14 26 44 68 ?

Ans
- ✗ A. 92
- ✓ B. 98
- ✗ C. 88
- ✗ D. 102

Q.75 उत्तर की ओर अभिमुख 103 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, Z दाएं छोर से 15वें स्थान पर है। यदि G, Z के बाएं 36वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से G का स्थान कितना है?

Ans
- ✗ A. 55वां
- ✗ B. 52वां
- ✗ C. 54वां
- ✓ D. 53वां

Q.76 उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(9, 13, 26)
(7, 9, 22)

Ans
- ✗ A. (10, 25, 38)
- ✗ B. (8, 11, 26)
- ✓ C. (11, 17, 30)
- ✗ D. (12, 19, 6)

Q.77 उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

BH – FM – JR
JP – NU – RZ

Ans
- ✗ A. RM – TQ – PR
- ✗ B. BF – EI – HL
- ✗ C. PL – RN – TP
- ✓ D. HN – LS – PX

Q.78 आठ व्यक्ति, A, B, C, D, E, F, G और H, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। A के बाएँ से गिनने पर A और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B के ठीक दाएँ पड़ोस में E बैठा है। E के बाएँ से गिनने पर E और F के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के बाएँ से तीसरे स्थान पर C बैठा है। H के ठीक दाएँ पड़ोस में D बैठा है। G के दाएँ से दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. H
- ✗ B. F
- ✓ C. E
- ✗ D. A

Q.79 एक आदमी 3 km उत्तर की ओर जाता है और बिंदु B पर पहुंचता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, बिंदु C तक पहुंचने के लिए 10 km चलता है। इसके बाद, वह दाएं मुड़ता है, बिंदु D तक पहुंचने के लिए 5 km चलता है। फिर वह बिंदु E तक पहुंचने के लिए 3 km पश्चिम की ओर जाता है। अंत में, वह दाएं मुड़ता है और बिंदु F तक पहुंचने के लिए 2 km चलता है। प्रारंभिक बिंदु के संबंध में अब वह आदमी किस दिशा में है?

(नोट: जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✓ A. पूर्व
- ✗ B. दक्षिण-पूर्व
- ✗ C. पश्चिम
- ✗ D. दक्षिण-पश्चिम

**Q.80** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. LQ-MJ
- ✗ B. NS-OL
- ✗ C. PU-QN
- ✓ D. RW-SO

Prepp
Your Personal Exams Guide

Section : **General Awareness and Current Affairs**

**Q.81** मार्च 2025 में किसी पुरुष खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक 132 अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल जीत का रिकॉर्ड धारक कौन बनेगा?

**Ans**
- ✗ A. रॉबर्ट लेवानडॉस्की
- ✗ B. लियोनेल मेसी
- ✗ C. सर्जियो रामोस
- ✓ D. क्रिस्टियानो रोनाल्डो

**Q.82** 2025 में, खेलो इंडिया यूथ गेम्स (KIYG) का सातवाँ संस्करण आयोजित किया गया। इन खेलों की मेज़बानी किस भारतीय राज्य ने की?

**Ans**
- ✗ A. महाराष्ट्र
- ✗ B. मध्य प्रदेश
- ✗ C. उत्तर प्रदेश
- ✓ D. बिहार

**Q.83** एराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान, जो जून 2025 में भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा आयोजित प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन (Management Effectiveness Evaluation - MEE) में भारत के दो शीर्ष प्रदर्शन करने वाले संरक्षित क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा, निम्नलिखित में से किस प्रजाति का निवास स्थान है?

**Ans**
- ✗ A. हिम तेंदुआ
- ✗ B. भारतीय एक सींग वाला गैंडा
- ✓ C. नीलगिरि तहर
- ✗ D. शेर-पूंछ वाला मकाक

**Q.84** 2025 में किस राज्य ने शक्ति विधेयक (Shakti Bill) की समीक्षा करने का निर्णय लिया, जो बच्चों और महिलाओं को अपराध से बचाने के लिए था?

**Ans**
- ✗ A. तमिलनाडु
- ✗ B. बिहार
- ✓ C. महाराष्ट्र
- ✗ D. उत्तर प्रदेश

**Q.85** 2025 में, भारत ने अपना राष्ट्रीय रेड लिस्ट रोडमैप निम्नलिखित में से किस अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में लॉन्च किया?

**Ans**
- ✗ A. G20 पर्यावरण मंत्रियों का शिखर सम्मेलन
- ✗ B. विश्व जैव विविधता मंच
- ✗ C. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (COP30)
- ✓ D. IUCN विश्व संरक्षण कांग्रेस

Q.86 विदेश मंत्रालय (MEA) और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के अनुसार, निम्नलिखित में से किस सिटी स्टेट ने सितंबर 2024 में भारत के साथ "व्यापक रणनीतिक साझेदारी" पर हस्ताक्षर किए, जिसमें सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी और कौशल विकास के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन शामिल हैं?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans
- ✔ A. सिंगापुर
- ✘ B. इंडोनेशिया
- ✘ C. थाईलैंड
- ✘ D. मलेशिया

Q.87 किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने 9 नवंबर 2025 को अपना 25वां स्थापना दिवस मनाया?

Ans
- ✘ A. लद्दाख
- ✔ B. उत्तराखंड
- ✘ C. झारखंड
- ✘ D. छत्तीसगढ़

Q.88 किस ग्लासगो लेखक ने 2025 में विषाक्त पुरुषत्व एवं ऑनलाइन स्त्रीद्वेष के विषयों पर आधारित हर्मिट (Hermit) प्रकाशित की?

Ans
- ✘ A. मार्गरेट मैकडोनाल्ड (Margaret McDonald)
- ✘ B. नेल स्टीवंस (Nell Stevens)
- ✘ C. ओशन वुओंग (Ocean Vuong)
- ✔ D. क्रिस मैक्क्यूअर (Chris McQueer)

Q.89 निम्नलिखित में से किस संगठन या मंत्रालय ने अक्टूबर 2025 में 'भारत का सेवा क्षेत्र: GVA रुझानों और राज्य-स्तरीय सक्रियता पर अंतर्दृष्टि' शीर्षक वाली रिपोर्ट जारी की?

Ans
- ✘ A. सांख्यिकी और कार्यक्रम मंत्रालय
- ✘ B. वित्त मंत्रालय
- ✔ C. NITI आयोग
- ✘ D. भारतीय रिजर्व बैंक

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.90 वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में, कोलकाता में सबसे अधिक मूल्य वृद्धि दर्ज करते हुए एवं कोच्चि में गिरावट देखने के साथ ऑल इंडिया हाउस प्राइस इंडेक्स में वार्षिक आधार पर कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

Ans
- ✔ A. 3.1%
- ✘ B. 4.1%
- ✘ C. 5.1%
- ✘ D. 6.1%

Q.91 जून 2025 में मुख्य मंत्री जीवन अनुप्रेरणा योजना (Mukhya Mantrir Jiban Anuprerana Scheme) किसने शुरू की?

Ans
- ✘ A. असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य
- ✘ B. भारत के प्रधान मंत्री
- ✘ C. असम के शिक्षा मंत्री
- ✔ D. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

Q.92 जून 2025 में प्रकाशित संधारणीय विकास लक्ष्य राष्ट्रीय संकेतक रूपरेखा प्रगति रिपोर्ट, 2025 के अनुसार, वर्ष 2024-2025 के दौरान संसाधित कुल अपशिष्ट का प्रतिशत कितना था, जो अपशिष्ट प्रबंधन दक्षता में प्रगति दर्शाता है?

Ans
- ✔ A. 80.7%
- ✘ B. 75.6%
- ✘ C. 97.80%
- ✘ D. 90.25%

Q.93 मई-जून 2025 के दौरान चेन्नई के जेंडर एंड पॉलिसी लैब मैनुअल में किस सार्वजनिक स्थान सुधार की सिफारिश की गई थी?

Ans
✔ A. सड़क पर रोशनी की व्यवस्था में वृद्धि और सुरक्षित शौचालय
✗ B. हवाई निगरानी ड्रोनों की तैनाती
✗ C. केवल महिलाओं के लिए बस सेवाओं की शुरूआत
✗ D. विशेष रूप से महिलाओं के लिए पार्कों का निर्माण

Q.94 भारतीय शोधकर्ताओं ने निम्नलिखित में से किस ऊर्जा स्टोरेज डिवाइस के परफॉरमेंस को बेहतर बनाने के लिए लैंथेनम-अपमिश्रित सिल्वर निओबेट (lanthanum-doped silver niobate) नामक एक नवीन सामग्री विकसित की है?

Ans
✗ A. सौर पैनल (Solar panels)
✔ B. सुपरकैपेसिटर्स (Supercapacitors)
✗ C. लिथियम-आयन बैटरी (Lithium-ion batteries)
✗ D. फ्यूल सेल (Fuel cells)

Q.95 2025 का लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर पुरस्कार किस फुटबॉल क्लब को दिया गया था?

Ans
✗ A. मैनचेस्टर सिटी
✗ B. FC बार्सिलोना
✔ C. रियल मैड्रिड
✗ D. पेरिस सेंट-जर्मेन

Q.96 निम्नलिखित में से कौन मार्च 2025 तक भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) का नेतृत्व कर रहा था, जिसके बाद प्रमुख सुधार रुक गए?

Ans
✗ A. राकेश कुमार
✗ B. सुनील मेहता
✗ C. सुभाष चंद्र
✔ D. देबाशीष पांडा

Q.97 फरवरी 2025 में, किस एथलीट ने महिलाओं की 400 मीटर राष्ट्रीय खेलों में अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 51.12 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता?

Ans
✔ A. ऐश्वर्या मिश्रा
✗ B. हिमा दास
✗ C. ज्योति याराजी
✗ D. दुती चंद

Q.98 कौन-सा कवक रोगजनक, गुणसूत्र परिवर्तनों का उपयोग करके फ्लूकोनाजोल और वोरिकोनाजोल (fluconazole and voriconazole) जैसी सामान्य कवकरोधी औषधियों के प्रति प्रतिरोध विकसित करता है?

Ans
✔ A. कैंडिडा ट्रॉपिकलिस (Candida tropicalis)
✗ B. एस्परगिलस फ्यूमिगेटस (Aspergillus fumigatus)
✗ C. क्रिप्टोकॉकस नियोफॉर्मन्स (Cryptococcus neoformans)
✗ D. कैंडिडा अल्बिकन्स (Candida albicans)

Q.99 भारत में किस उच्च न्यायालय ने जुलाई 2025 में कार्यस्थल पर महिलाओं को सशक्त बनाने और यौन उत्पीड़न की शिकायतों के लिए एक समर्पित पोर्टल लॉन्च किया?

Ans
✗ A. कर्नाटक उच्च न्यायालय
✗ B. बॉम्बे उच्च न्यायालय
✗ C. कलकत्ता उच्च न्यायालय
✔ D. दिल्ली उच्च न्यायालय

Q.100 अप्रैल 2025 में, भारत सरकार ने किस अंतर-सरकारी वन्यजीव संगठन के साथ भारत में इसका मुख्यालय स्थापित करने के लिए एक मुख्यालय समझौते (Headquarters Agreement) पर हस्ताक्षर किए?

Prepp
Your Personal Exams Guide

Ans

✔ A. इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस

✘ B. ग्लोबल कैट कंजर्वेशन कोएलिशन

✘ C. वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड एशिया

✘ D. इंटरनेशनल टाइगर कंजर्वेशन नेटवर्क

Prepp
Your Personal Exam Guide